C. S. (Main) Exam : 2011

Sl. No.

C–DTN–L–QTA

# PSYCHOLOGY

## Paper—I

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300 |
|---|---|

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## Section—A

1. Answer the following, each in not more than *100* words : 10×6=60

   *(a)* Describe the key assumptions on which psychology claims to be a science.

   *(b)* Suggest a plan of an experimental study to evaluate the effect of compensatory education on academic achievement of school-going students from low income group.

   *(c)* On what grounds are STM and LTM distinguished?

   *(d)* How the principles of encoding help enhancing the use of mnemonic devices?

   *(e)* Distinguish between negative reinforcement and punishment. Indicate the limitations of punishment in the context of learning.

   *(f)* What do illusions tell about the nature of perception?

2. *(a)* What is social constructionism? How does it challenge the mainstream psychology? 20

   *(b)* Discuss the consequences of learned helplessness as demonstrated in classic experiment on dogs. Find out its parallels in real life. 20

## खण्ड—क

**1.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक *100* शब्दों से अधिक में न हो : 10×6=60

(क) उन कुंजी अभिगृहीतों का वर्णन कीजिए, जिनके आधार पर मनोविज्ञान एक विज्ञान होने का दावा करता है।

(ख) निम्न आय वर्ग से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर प्रतिपूरक शिक्षा के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए प्रायोगिक अध्ययन की एक योजना सुझाइए।

(ग) STM और LTM के बीच किन आधारों पर विभेदन किया जाता है?

(घ) स्मृति-सहायक साधनों के उपयोग का वर्धन करने में कूट-लेखन के सिद्धान्त किस प्रकार से सहायता करते हैं?

(ङ) निषेधात्मक प्रबलन और दण्ड के बीच विभेदन कीजिए। अधिगम के सन्दर्भ में दण्ड की परिसीमाओं का उल्लेख कीजिए।

(च) प्रत्यक्षीकरण की प्रकृति के सम्बन्ध में भ्रम क्या कुछ बताते हैं?

**2.** (क) सामाजिक रचनावाद क्या होता है? वह मुख्य धारा मनोविज्ञान को किस प्रकार से चुनौती देता है? 20

(ख) जैसा कि कुत्तों पर चिरसम्मत प्रयोग द्वारा प्रदर्शित होता है, अधिगत विवशता के परिणामों पर चर्चा कीजिए। वास्तविक जीवन में उसके समरूपों को मालूम कीजिए। 20

(c) How does the brain mediate between the genotype and the phenotype for psychological characteristics? 10

(d) Contrast bottom-up and top-down theories of perception. 10

3. (a) How does signal-detection theory envisage the decision process? In what other areas of psychology can it be applied? 30

(b) How does level of processing model differ from multistore and working memory models? Explain. 30

4. (a) Critically evaluate the role of parenting style, peer group and media in identity formation during adolescence. 30

(b) Examine the concerns for control, measurement and artifacts, and also indicate the threats they pose to the development of scientific psychology. 30

## Section—B

5. Answer the following, each in not more than *100* words : 10×6=60

(a) Differentiate between inductive and deductive reasoning, and give reasons for the preference of scientists towards inductive reasoning.

(b) How does arousal theory explain human motivation?

(c) What is the difference between intrinsic and extrinsic motivation? Explain with the help of examples.

(ग) मनोवैज्ञानिक अभिलक्षणों के लिए ज़ीन प्ररूप और लक्षण प्ररूप के बीच मस्तिष्क किस प्रकार बीच-बचाव करता है? 10

(घ) प्रत्यक्षण की ऊर्ध्वमुखी और अधोमुखी थियोरियों के बीच विषमताएँ बताइए। 10

**3.** (क) संकेत संज्ञापन थियोरी, निर्णयन प्रक्रम की किस प्रकार परिकल्पना करती है? उसका अनुप्रयोग मनोविज्ञान के अन्य किन-किन क्षेत्रों में किया जा सकता है? 30

(ख) प्रक्रमण का स्तर मॉडल किस प्रकार से बहुसंचयी और कार्यशील स्मृति मॉडलों से भिन्न है? स्पष्ट कीजिए। 30

**4.** (क) किशोरावस्था के दौरान पहचान निर्माण में लालन-पालन शैली, समसमूह (पीयर ग्रुप) और मीडिया की भूमिकाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। 30

(ख) नियंत्रण, मापन और शिल्पकृतियों के लिए सरोकारों का परीक्षण कीजिए और साथ ही बताइए कि वैज्ञानिक मनोविज्ञान के विकास में वे किन खतरों को सामने ले आते हैं। 30

## खण्ड—ख

**5.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक *100* शब्दों से अधिक में न हो : 10×6=60

(क) आगमनात्मक और निगमनात्मक तर्कना के बीच विभेदन कीजिए और आगमनात्मक तर्कना के प्रति वैज्ञानिकों की अभिरुचि के कारण बताइए।

(ख) उद्दोलन थियोरी, मानव अभिप्रेरण को किस प्रकार समझाती है?

(ग) अन्तर्जात अभिप्रेरण और बहिर्जात अभिप्रेरण के बीच क्या अन्तर है? उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

(d) How is the information we hold about ourselves organized and interpreted?

(e) Compare the model of fluid and crystalized intelligence with the two-factor theory of Spearman.

(f) What are the functions of emotions?

6. (a) What are the criteria to identify creativity? How can a teacher promote creativity in the classroom setting? 30

(b) Describe and evaluate the model of intelligence proposed by J. P. Das. 30

7. (a) How does language differ from other forms of communication? Referring to relevant studies, document children's progress from non-verbal communication to the use of language. 30

(b) Compare the Indian and Western constructions of 'self' with reference to cross-cultural studies and bring out their implications for well-being. 30

8. (a) Elaborate upon the salient developments in consciousness studies and indicate the effect of 'meditation' on psychological functions. 30

(b) Describe different psychological measures of values and outline a programme for fostering values among school-going children. 30

(घ) हम अपने बारे में जो जानकारी धारण किए रहते हैं, वह किस प्रकार से संगठित और निर्वचित होती है?

(ङ) तरल और क्रिस्टलित बुद्धि के मॉडल की स्पीयरमैन की द्वि-कारक थियोरी के साथ तुलना कीजिए।

(च) संवेगों के क्या-क्या प्रकार्य हैं?

**6.** (क) सर्जकता को पहचानने की क्या-क्या कसौटियाँ हैं? कक्षा के परिवेश में अध्यापक किस प्रकार सर्जकता की प्रोन्नति कर सकता है? 30

(ख) जे० पी० दास द्वारा प्रस्तावित बुद्धि के मॉडल का वर्णन और मूल्यांकन कीजिए। 30

**7.** (क) भाषा, संचार के अन्य रूपों से किस प्रकार भिन्न है? सम्बद्ध अध्ययनों का हवाला देते हुए भाषेतर संचार से भाषा के उपयोग तक बच्चों की प्रगति को लिपिबद्ध कीजिए। 30

(ख) अन्तःसांस्कृतिक अध्ययनों के उद्धरण देते हुए 'आत्मन्' की भारतीय और पाश्चात्य व्याख्याओं की तुलना कीजिए और कल्याण के लिए उनके निहितार्थों को उजागर कीजिए। 30

**8.** (क) चेतना अध्ययनों के क्षेत्र में प्रमुख विकासों को विस्तार से स्पष्ट कीजिए और मनोवैज्ञानिक प्रकार्यों पर 'ध्यान' के प्रभाव को बताइए। 30

(ख) मूल्यों के विभिन्न मनोवैज्ञानिक मापदण्डों का वर्णन कीजिए और स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच मूल्यों को विकसित करने के लिए एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कीजिए। 30

★ ★ ★

C–DTN–L–QTA

# मनोविज्ञान

## प्रश्न-पत्र—I

| समय : तीन घण्टे | पूर्णांक : 300 |
| --- | --- |

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।*

**Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.